पाठ 20. नौजवान जागो रे (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य स्व-जागरूकता का कौशल विकसित करना है ताकि छात्र अपनी पसंद व नापसंद की पहचान कर सकें। यह कविता देश के नौजवानों को संबोधित करती है। भारत-चीन युद्ध के समय लिखी गई यह कविता उस समय देश पर मँडरा रहे खतरे को देखते हुए जवान लोगों से देश की रक्षा में जुट जाने के लिए आंदोलित-प्रेरित कर रही है।

अध्यापन संकेत

यह कविता भारत-चीन युद्ध काल की है। इसे जोश से गाने को कहें। देशप्रेम से संबंधित बातों की चर्चा अवश्य करें। युद्ध का अंत चाहे जो भी हो, यह मानवता के लिए और मानव हित के लिए घातक होता है, यह अवश्य बताएँ।